MA. Philosophy

**14P/236/5** Question Booklet No......................

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | |

Roll No.
*(Write the digits in words)* ..........................................................................................................

Serial No. of OMR Answer Sheet ........................................

Day and Date ........................................................................ ....................................................
(Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only **blue/black ball-point pen** in the space above and on both sides of the Answer Sheet)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. **On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.**
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and also Roll No. and OMR Sheet No. on the Question Booklet.
7. Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle* in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero mark).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए हैं] [No. of Printed Pages : 40+2

**No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 150**

**Time/समय** : 2 Hours/घण्टे

**Full Marks/पूर्णांक** : 450

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3** marks. **One** mark will be deducted for each incorrect answer. Zero mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा। प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

**1.** As per Mimamsa Philosophy, the knowledge of Dharma is only possible through

(1) Perception (2) Scripture (3) Inference (4) Analogy

मीमांसा दर्शन के अनुसार, धर्म का ज्ञान सम्भव है केवल

(1) प्रत्यक्ष के द्वारा (2) श्रुति के द्वारा (3) अनुमान के द्वारा (4) उपमान के द्वारा

10. 'Bodhisatva' strives for the liberation of

(1) own self (2) all monks (3) all creatures (4) all human beings

'बोधिसत्त्व' मुक्ति के लिए प्रयास करता है

(1) अपने लिए (2) सभी भिक्षुओं के लिए

(3) प्राणिमात्र के लिए (4) मनुष्य मात्र के लिए

11. Who said that punishment is a reward of the criminal?

(1) Aristotle (2) Bentham (3) Hegel (4) Kant

किसने कहा था कि दण्ड अपराधी का एक पुरस्कार है?

(1) अरस्तू (2) बेन्थम (3) हीगेल (4) काण्ट

12. The theory of 'justice as fairness' is namely related to

(1) Rowls (2) Russell (3) Ryle (4) Ross

'निष्पक्ष न्याय' का सिद्धान्त किसके नाम से सम्बन्धित है?

(1) रॉल्स (2) रसेल (3) राईल (4) रॉस

13. Which of the following upholds that world is a totality of facts?

(1) Wittgenstein (2) Quine (3) Karnap (4) Russell

अधोलिखित में से कौन यह स्वीकार करता है कि जगत् तथ्यों की समग्रता है?

(1) विट्गेन्स्टाइन (2) क्वाइन (3) कार्नेप (4) रसेल

**14.** Which one of the following is counted as 'Pradhan Malla' by Shankara?

(1) Mimamsa (2) Samkhya

(3) Dvaita Vedanta (4) Nyaya

निम्नलिखित में से कौन-सा एक शंकर के द्वारा 'प्रधान मल्ल' के रूप में परिगणित किया गया है?

(1) मीमांसा (2) सांख्य (3) द्वैत वेदान्त (4) न्याय

**15.** The meaning of 'Moksa' according to Mimamsa Philosophy is

(1) total annihilation of sufferings (2) God realization

(3) attainment of heaven (4) attainment of pleasure

मीमांसा दर्शन के अनुसार 'मोक्ष' का तात्पर्य है

(1) दुःखों का आत्यन्तिक नाश (2) ईश्वर-साक्षात्कार

(3) स्वर्ग की प्राप्ति (4) सुख की प्राप्ति

**16.** The Second Arya Satya of Buddhism is known as

(1) Dharma-chakra (2) Dvadasha-nidana

(3) Dukha-nirodha (4) Anatmavada

बौद्धों का द्वितीय आर्यसत्य कहलाता है

(1) धर्मचक्र (2) द्वादशनिदान (3) दुःख निरोध (4) अनात्मवाद

**17.** Which of the following is inadequate pair?

(1) Svadharma—Varnadharma

(2) Arhat—Buddhism

(3) Kevali—One who has only partial knowledge of a thing

(4) Sthitaprajna—Samatva Yogi

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपयुक्त युग्म है?

(1) स्वधर्म—वर्णधर्म

(2) अर्हत्—बौद्ध दर्शन

(3) केवली—वह व्यक्ति जिसे किसी वस्तु का केवल आंशिक ज्ञान हो

(4) स्थितप्रज्ञ—समत्व योगी

18. Which one of the following is motivating force according to psychological hedonism?

(1) Intuition (2) Reason (3) Desires (4) Idea of good

मनोवैज्ञानिक सुखवाद के अनुसार निम्नलिखित में से कौन प्रेरक शक्ति है?

(1) अन्तर्ज्ञान (2) बुद्धि (3) इच्छाएँ (4) शुभ का विचार

19. Which one of the following is incorrect pair?

(1) Mill—Utilitarianism (2) Kant—Rationalism

(3) Bentham—Hedonism (4) Butler—Intuitionalism

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(1) मिल—उपयोगितावाद (2) काण्ट—बुद्धिपरतावाद

(3) बेन्थम—सुखवाद (4) बटलर—अन्तःप्रज्ञावाद

20. According to Moore, Good is

(1) end in itself (2) indefinable (3) rational (4) to satisfy desire

मूर के अनुसार शुभ है

(1) स्वयं में साध्य (2) अपरिभाष्य (3) बौद्धिक (4) इच्छा की संतुष्टि

**21.** Butler accepts

(1) emotivism (2) naturalism (3) intuitionism (4) prescriptivism

बटलर स्वीकार करता है

(1) संवेगवाद (2) प्रकृतिवाद (3) अन्तर्ज्ञानवाद (4) परामर्शवाद

**22.** Which theory of punishment considers crime as a mental disease?

(1) Deterrent (2) Retributive

(3) Dharmashastra (4) Reformative

दण्ड का कौन-सा सिद्धान्त अपराध को मनोरोग के रूप में स्वीकार करता है?

(1) निवर्तनवादी (2) प्रतिकारवादी (3) धर्मशास्त्र (4) सुधारवादी

**23.** Which one is not appropriate for Charvaka?

(1) Vyapti cannot be established

(2) World is composed of Chaturmahabhuta

(3) There is no Papa-punya

(4) Kama supported by Dharma is the goal of life

चार्वाक के अनुसार कौन-सा एक सही नहीं है?

(1) व्याप्ति की स्थापना सम्भव नहीं (2) जगत् चारमहाभूतों से बना है

(3) पाप-पुण्य नहीं है (4) धर्माश्रित काम जीवन का लक्ष्य है

**24.** Which one of the following believes that reality is both eternal and non-eternal?

(1) Sautrantika (2) Yogachara (3) Jainism (4) Advaita Vedanta

निम्नांकित में से कौन यह मानता है कि सत् नित्यानित्य है?

(1) सौत्रान्तिक (2) योगाचार (3) जैन दर्शन (4) अद्वैत वेदान्त

**25.** Select the incorrect pair from the following :

(1) Nagarjuna—Satyadvaya
(2) Vasubandhu—Vijnaptimatrata
(3) Lankavatara—Tathagatagarbha
(4) Sautrantika—Asanskrita Dharma

निम्नलिखित में से असत्य युग्म का चुनाव कीजिए :

(1) नागार्जुन—सत्यद्वय
(2) वसुबन्धु—विज्ञप्तिमात्रता
(3) लंकावतार—तथागतगर्भ
(4) सौत्रान्तिक—असंस्कृत धर्म

**26.** God according to Yoga is

(1) highest object of meditation
(2) efficient and material cause
(3) highest goal of Yoga
(4) only an idea

योग के अनुसार ईश्वर है

(1) ध्यान का श्रेष्ठ विषय
(2) निमित्तोपादन कारण
(3) योग का सर्वोच्च लक्ष्य
(4) एक विचार मात्र

**27.** The meaning of 'Bhuyodarsana' in Nyaya is

(1) Self-realization
(2) Bhumi Darsana
(3) Repeated observation
(4) Alaukika Pratyaksa

न्याय दर्शन में 'भूयोदर्शन' का अर्थ है

(1) आत्म-साक्षात्कार (2) भूमि दर्शन (3) पुनः पुनः निरीक्षण (4) अलौकिक प्रत्यक्ष

28. According to Vaishesika, 'the non-existence of a thing in another thing' is known as

(1) Anyonyabhava (2) Atyantabhava (3) Pragabhava (4) Pradhvansabhava

वैशेषिकों के अनुसार 'एक वस्तु का दूसरी वस्तु में अभाव' कहलाता है

(1) अन्योन्याभाव (2) अत्यन्ताभाव (3) प्रागभाव (4) प्रध्वंसाभाव

29. The meaning of Mithya in Advaita Vedanta is

(1) neither real nor unreal (2) both real and unreal

(3) unreal like barren woman's son (4) real

अद्वैत वेदान्त में मिथ्या का अर्थ है

(1) सदसद् विलक्षण (2) सत् और असत् दोनों

(3) वंध्यापुत्र की भांति असत् (4) सत्

30. Select the incorrect pair from the following :

(1) Descartes—Dualism (2) Spinoza—Theism

(3) Leibnitz—Pluralism (4) Hume—Empiricism

निम्नलिखित में से गलत युग्म चुनिए :

(1) देकार्त—द्वैतवाद (2) स्पिनोजा—ईश्वरवाद

(3) लाइबनित्ज—बहुतत्त्ववाद (4) ह्यूम—अनुभववाद

31. According to Hume, our belief in God rests on

(1) our concern for happiness and terror of death

(2) experience

(3) reasoning

(4) pure love for truth

38. How many propositions are there in Pararthanuman according to Naiyayikas?

(1) Two (2) Three (3) Four (4) Five

नैयायिकों के अनुसार परार्थानुमान में कितने अवयव होते हैं?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

39. How many valid moods are there of categorical syllogism?

(1) Eight (2) Ten (3) Twelve (4) Nineteen

निरपेक्ष न्यायवाक्य की सही अवस्थाएँ कितनी हैं?

(1) आठ (2) दस (3) बारह (4) उन्नीस

40. 'Barbara' belongs to which figure?

(1) First (2) Second (3) Third (4) Fourth

'बारबरा' किस आकार की अवस्था है?

(1) प्रथम (2) द्वितीय (3) तृतीय (4) चतुर्थ

41. Aristotle's 'Dictum de omni et nullo' applies to which figure?

(1) First (2) Second (3) Third (4) Fourth

अरस्तू का सिद्धान्त 'डिक्टम डी ओमनी एट नुलो' किस आकार पर लागू होता है?

(1) प्रथम (2) द्वितीय (3) तृतीय (4) चतुर्थ

42. What is the reasoning called when universal conclusion is drawn from particular proposition?

(1) Deduction (2) Induction (3) Dilemma (4) Figure

विशेष से सामान्य निष्कर्ष निकालने के तर्क को क्या कहते हैं?

(1) निगमन (2) आगमन (3) उभयतोपाश (4) आकार

43. What will you say about 'Formal Logic'?

(1) Science of speech forms
(2) Science of money
(3) Science of law
(4) Aesthetics

'आकारिक तर्कशास्त्र' को आप क्या कहेंगे?

(1) भाषीय आकारों का शास्त्र
(2) अर्थ का शास्त्र
(3) कानून का शास्त्र
(4) सौन्दर्यशास्त्र

44. Buddha accepts rebirth

(1) True (2) False (3) Ambiguous (4) None of these

बुद्ध पुनर्जन्म को मानते हैं

(1) सत्य (2) असत्य (3) संदिग्ध (4) इनमें से कोई नहीं

45. Who has done Copernicus Revolution in Philosophy?

(1) Kant (2) Locke (3) Hume (4) Berkeley

दर्शन में किसने कॉपरनिकस क्रांति की?

(1) काण्ट (2) लॉक (3) ह्यूम (4) बर्कले

46. Who reconciled rationalism with empiricism?

(1) Locke (2) Kant (3) Hume (4) Spinoza

किसने बुद्धिवाद और अनुभववाद का समन्वय किया?

(1) लॉक (2) काण्ट (3) ह्यूम (4) स्पिनोजा

47. "Knowledge is not innate, it is acquired by experience." Whose opinion is this?

(1) Utilitarianism (2) Empiricism (3) Rationalism (4) Hedonism

"ज्ञान जन्मजात नहीं होता, इसे अनुभव से अर्जित किया जाता है।" यह किसका मत है?

(1) उपयोगितावाद (2) अनुभववाद (3) बुद्धिवाद (4) सुखवाद

48. By which method did Descartes start his philosophical thinking?

(1) Methodic doubt (2) Belief

(3) Criticism (4) Comparison

देकार्त ने किस पद्धति से अपने दार्शनिक चिन्तन का प्रारम्भ किया?

(1) क्रमबद्ध सन्देह (2) विश्वास (3) समीक्षा (4) तुलना

49. Whose statement is "This world is originated with only four elements"?

(1) Charvaka (2) Jain (3) Nyaya (4) Vaisheshika

किसका कहना है, "इस जगत् की उत्पत्ति केवल चार तत्वों से हुई है"?

(1) चार्वाक (2) जैन (3) न्याय (4) वैशेषिक

50. According to whom, "We accept Five Skandhas as soul (self)"?

(1) Jain (2) Buddha (3) Nyaya (4) Mimamsa

किसके अनुसार, "हम पंच स्कन्ध को आत्मा मान बैठते हैं"?

(1) जैन (2) बुद्ध (3) न्याय (4) मीमांसा

51. Whose Philosophy is "Yogah Karmasu Kaushalam"?

(1) Samkhya (2) Yoga (3) Vedanta (4) Gita

"योगः कर्मसु कौशलं" किसका दर्शन है?

(1) सांख्य (2) योग (3) वेदान्त (4) गीता

52. How many kinds of Karmas are shown in Vaisheshika Philosophy?

(1) Two (2) Three (3) Four (4) Five

वैशेषिक दर्शन में कर्म के कितने भेद बताये गये हैं?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

53. Who propounded the theory of 'four-fold causation'?

(1) Plato (2) Socrates (3) Aristotle (4) Descartes

'चतुष्कारणवाद' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है?

(1) प्लेटो (2) सुकरात (3) अरस्तू (4) देकार्त

54. Who said, "Esse est percipi"?

(1) Berkeley (2) Locke (3) Kant (4) Hume

किसने कहा है, "दृष्टि ही सृष्टि है"?

(1) बर्कले (2) लॉक (3) काण्ट (4) ह्यूम

55. Who maintains that "We accept stream of ideas as soul"?

(1) Aristotle (2) Socrates (3) Hume (4) Locke

"हम विचारों की धारा को ही आत्मा मान बैठते हैं" किसका मत है?

(1) अरस्तू (2) सुकरात (3) ह्यूम (4) लॉक

56. Who propagated 'categories of understanding'?

(1) Kant (2) Berkeley (3) Descartes (4) Hume

'बुद्धि-विकल्पों का प्रतिपादन' किसने किया?

(1) काण्ट (2) बर्कले (3) देकार्त (4) ह्यूम

57. Whose theory is Vishistadvaita?

(1) Ramanuja (2) Shankara (3) Buddha (4) Jain

विशिष्टाद्वैत का सिद्धान्त किसका है?

(1) रामानुज (2) शंकर (3) बुद्ध (4) जैन

58. Which one of the following pairs is correct?

(1) Shankara—Vishistadvaita
(2) Buddha—Vibhajyavada
(3) Jain—Prakriti-Purush
(4) Rigveda—Music

निम्नलिखित में से कौन-सा सही युग्म है?

(1) शंकर—विशिष्टाद्वैत (2) बुद्ध—विभज्यवाद (3) जैन—प्रकृति-पुरुष (4) ऋग्वेद—संगीत

59. Whose theory is 'Vivartavada'?

(1) Shankara (2) Ramanuja (3) Sankhya (4) Jain

'विवर्तवाद' का सिद्धान्त किसका है?

(1) शंकर (2) रामानुज (3) सांख्य (4) जैन

60. Whose statement is "Act as a member of a kingdom of ends"?

(1) Socrates (2) Plato (3) Kant (4) St. Aquinas

किसका कथन है, "एक साध्यों के साम्राज्य के एक सदस्य के रूप में कार्य करो"?

(1) सुकरात (2) प्लेटो (3) काण्ट (4) संत एक्विनास

61. 'Eye for eye and a tooth for tooth' is accepted by which theory of punishment?

(1) Preventive (2) Retributive (3) Reformative (4) None of these

'आँख के लिये आँख और दाँत के लिये दाँत' को कौन-सा दण्ड का सिद्धान्त मानता है?

(1) निवर्तनवादी (2) प्रतिकारवादी (3) सुधारवादी (4) इनमें से कोई नहीं

62. Who is the propounder of doctrine of Seven-fold Nayas?

(1) Shankara (2) Buddha (3) Vaishesika (4) Jain

सप्तभंगी नय के सिद्धान्त का प्रतिपादक कौन है?

(1) शंकर (2) बुद्ध (3) वैशेषिक (4) जैन

63. Who wrote the book *Critique of Pure Reason*?

(1) Aristotle (2) Kant (3) Plato (4) Descartes

*Critique of Pure Reason* पुस्तक किसने लिखी?

(1) अरस्तू (2) काण्ट (3) प्लेटो (4) देकार्त

64. Which one of the following is not related to the origin of religion?

(1) Animism (2) Spiritism (3) Manaism (4) Magicism

निम्नलिखित में से कौन-सा एक धर्म के उद्‌गम से सम्बन्धित नहीं है?

(1) जीववाद (2) प्राणवाद (3) मानावाद (4) जादूवाद

65. Which one of the following is the example of religion without God?

(1) Christianity (2) Buddhism (3) Islam (4) Hinduism

निम्नलिखित में से कौन-सा एक ईश्वरविहीन धर्म का उदाहरण है?

(1) ईसाईधर्म (2) बौद्धधर्म (3) इस्लामधर्म (4) हिन्दूधर्म

66. Whose statement is "Mind makes the nature"?

(1) Locke (2) Berkeley (3) Hume (4) Kant

किसका कथन है, "बुद्धि प्रकृति का निर्माण करती है"?

(1) लॉक (2) बर्कले (3) ह्यूम (4) काण्ट

67. Sankhya admits

(1) Parinami Nityata (2) Vivartavada

(3) Satkarnvada (4) None of these

सांख्य स्वीकार करता है

(1) परिणामी नित्यता (2) विवर्तवाद (3) सत्कारणवाद (4) इनमें से कोई नहीं

68. Prasthantrayee is related to

(1) Vedanta Philosophy (2) Jain Philosophy

(3) Nyaya Philosophy (4) Sankhya Philosophy

प्रस्थानत्रयी सम्बन्धित है

(1) वेदान्त दर्शन से (2) जैन दर्शन से (3) न्याय दर्शन से (4) सांख्य दर्शन से

**69.** Nyaya Philosophy admits

(1) Anyathakhyativada
(2) Anirvachaniyakhyativada
(3) Satkhyativada
(4) Akhyativada

न्याय दर्शन मान्यता देता है

(1) अन्यथाख्यातिवाद को
(2) अनिर्वचनीयख्यातिवाद को
(3) सत्ख्यातिवाद को
(4) अख्यातिवाद को

**70.** 'Astikaya' is related to

(1) Jain Philosophy
(2) Charvaka Philosophy
(3) Nyaya Philosophy
(4) None of these

'अस्तिकाय' सम्बन्धित है

(1) जैन दर्शन से (2) चार्वाक दर्शन से (3) न्याय दर्शन से (4) इनमें से कोई नहीं

**71.** Which one of the following systems of Indian Philosophy doesn't accept the existence of God?

(1) Nyaya (2) Yoga (3) Vedanta (4) Mimamsa

निम्नलिखित भारतीय दर्शन सम्प्रदायों में कौन-सा एक ईश्वर के अस्तित्व को नहीं स्वीकार करता है?

(1) न्याय (2) योग (3) वेदान्त (4) मीमांसा

72. As per Vaishesika the world is created out of ——— substances.

(1) five (2) seven (3) nine (4) sixteen

वैशेषिक के अनुसार जगत् की उत्पत्ति ——— द्रव्यों से हुई है।

(1) पाँच (2) सात (3) नौ (4) सोलह

73. Which one of the following schools of Buddhism is idealist?

(1) Sautrantika (2) Vaibhasika (3) Yogachara (4) Madhyamika

निम्नलिखित में से बौद्ध दर्शन का कौन-सा सम्प्रदाय प्रत्ययवादी है?

(1) सौत्रान्तिक (2) वैभाषिक (3) योगाचार (4) माध्यमिक

74. The doctrine of Anekantavada is related to

(1) Jainism (2) Buddhism

(3) Nyaya Philosophy (4) Vedanta Philosophy

अनेकान्तवाद का सिद्धान्त सम्बन्धित है

(1) जैन दर्शन से (2) बौद्ध दर्शन से (3) न्याय दर्शन से (4) वेदान्त दर्शन से

75. Shankara admits

(1) non-dualism (2) dualism

(3) monism (4) qualified monism

शंकर मान्यता देते हैं

(1) अद्वैतवाद को (2) द्वैतवाद को (3) एकतत्त्ववाद को (4) विशिष्टाद्वैतवाद को

**76.** *Vedantasara* is written by

(1) Shankara (2) Vachaspati (3) Sadananda (4) Madhusudan

*वेदान्तसार* लिखा गया है

(1) शंकर द्वारा (2) वाचस्पति द्वारा (3) सदानन्द द्वारा (4) मधुसूदन द्वारा

**77.** As per Advaita Vedanta Philosophy, the illusory snake is

(1) real

(2) unreal

(3) Both real and unreal

(4) Neither real nor unreal

अद्वैत वेदान्त के अनुसार भ्रमात्मक सर्प है

(1) वास्तविक

(2) अवास्तविक

(3) वास्तविक और अवास्तविक दोनों

(4) न तो वास्तविक और न ही अवास्तविक

**78.** Indian Philosophy regards the world as full of

(1) sorrow (2) pleasure (3) souls (4) devils

भारतीय दर्शन मानता है कि जगत् परिपूर्ण है

(1) दुःखों से (2) सुख से (3) आत्माओं से (4) शैतानों से

**79.** As per Upanishad, the individual self is encased in

(1) three sheaths (2) five sheaths (3) seven sheaths (4) nine sheats

उपनिषदों के अनुसार जीवात्मा आवृत्त है

(1) तीन कोषों से (2) पाँच कोषों से (3) सात कोषों से (4) नौ कोषों से

**80.** As per Jain Philosophy, 'time' is

(1) Astikaya (2) Anastikaya (3) Unreal (4) None of these

जैन दर्शन के अनुसार 'काल' है

(1) अस्तिकाय (2) अनस्तिकाय (3) अवास्तविक (4) इनमें से कोई नहीं

**81.** Charvakas were divided into

(1) Hinayana and Mahayana (2) Svetamber and Digamber

(3) Orthodox and Heterodox (4) Dhurta and Sushikshit

चार्वाक विभाजित (वर्गीकृत) किए गए हैं

(1) हीनयान और महायान में (2) श्वेताम्बर और दिगम्बर में

(3) आस्तिक और नास्तिक में (4) धूर्त और सुशिक्षित में

**82.** 'Sarvastivada' is a sect of

(1) Jainism (2) Buddhism (3) Brahmanism (4) Lokayat

'सर्वास्तिवाद' एक सम्प्रदाय है

(1) जैनों का (2) बौद्धों का (3) ब्राह्मणों का (4) लोकायत

**83.** As per 'Kathavasthu', how many sects of Buddhism was divided on religious ground?

(1) Six (2) Twelve (3) Eighteen (4) Twenty-two

'कथावस्तु' के अनुसार बौद्धधर्म धार्मिक आधार पर कितने निकायों में बाँटा गया था?

(1) छः (2) बारह (3) अठारह (4) बाईस

**84.** As per Swami Vivekananda, Maya is

(1) a theory

(2) a statement of facts about the universe

(3) mere appearance

(4) None of these

स्वामी विवेकानन्द के अनुसार, माया है

(1) एक सिद्धान्त

(2) विश्व विषयक एक तथ्यात्मक कथन

(3) मात्र प्रतिभास

(4) इनमें से कोई नहीं

**85.** *The Hindu View of Life* was written by

(1) Bhagawan Das

(2) Swami Vivekananda

(3) Radhakrishnan

(4) Dayananda

*हिन्दू जीवन-दृष्टि* के लेखक थे

(1) भगवान दास

(2) स्वामी विवेकानन्द

(3) राधाकृष्णन्

(4) दयानन्द

**86.** Supermind is related to

(1) Sri Aurobindo

(2) Rabindranath Tagore

(3) K. C. Bhattacharya

(4) S. Radhakrishnan

अतिमानस का सम्बन्ध है

(1) श्री अरविन्द से

(2) रवीन्द्रनाथ टैगोर से

(3) के० सी० भट्टाचार्य से

(4) एस० राधाकृष्णन् से

**87.** *Hind Swaraj* was written by

(1) V. D. Savarkar (2) M. S. Golvalkar

(3) M. K. Gandhi (4) M. M. Malviya

*हिन्द स्वराज* लिखी गयी थी

(1) वी० डी० सावरकर द्वारा (2) एम० एस० गोलवलकर द्वारा

(3) एम० के० गाँधी द्वारा (4) एम० एम० मालवीय द्वारा

**88.** Who says, "Ideas are real things"?

(1) Plato (2) Aristotle (3) Protagoras (4) Zeno

कौन कहता है, "प्रत्यय वास्तविक सत्तायें हैं"?

(1) प्लेटो (2) अरस्तू (3) प्रोटागोरस (4) जेनो

**89.** 'Knowledge' according to Plato is

(1) speculation (2) perception

(3) opinion (4) rational insight

प्लेटो के अनुसार 'ज्ञान' है

(1) परिकल्पना (2) प्रत्यक्षीकरण (3) मत (4) बौद्धिक अन्तर्दृष्टि

**90.** As per Aristotle, matter and form are

(1) separable (2) inseparable (3) identical (4) independent

अरस्तू के अनुसार द्रव्य और आकार हैं

(1) पृथक्करणीय (2) अपृथक्करणीय (3) तादात्म्य भावापन्न (4) स्वतंत्र

91. Which one of the following causes is not accepted by Aristotle?

(1) Material (2) Formal (3) Final (4) Subsidiary

अरस्तू ने निम्नलिखित में किस कारण को मान्यता नहीं दी है?

(1) उपादान (2) आकारिक (3) लक्ष्य (4) सहायक

92. As per Aristotle, formal cause includes

(1) only efficient cause (2) only final cause

(3) only material cause (4) Both efficient and final cause

अरस्तू के अनुसार आकारिक कारण में अन्तर्निहित है

(1) केवल निमित्त कारण (2) केवल लक्ष्य (प्रयोजन) कारण

(3) केवल उपादान कारण (4) निमित्त और लक्ष्य कारण दोनों

93. Descartes Philosophy can be expressed as

(1) dualism (2) monism (3) idealism (4) empiricism

देकार्त दर्शन को व्यक्त किया जा सकता है

(1) द्वैतवादी रूप में (2) एकतत्त्ववादी रूप में

(3) प्रत्ययवादी रूप में (4) इन्द्रियानुभववादी रूप में

94. Who, among the following propounded 'BLIK' Theory of Philosophy of Religion?

(1) Wittgenstein (2) Ayer (3) Ryle (4) Hare

निम्नलिखित में से किसने धर्मदर्शन में 'ब्लिक' सिद्धान्त स्थापित किया?

(1) विट्गेन्स्टाइन (2) एयर (3) राइल (4) हेयर

95. As per 'Descartes Philosophy', matter and mind are

(1) independent substance (2) dependent substance

(3) phenomenal entities (4) neutral entities

'देकार्त दर्शन' के अनुसार जड़ और चेतन हैं

(1) स्वतंत्र द्रव्य (2) आश्रित द्रव्य (3) प्रपंचात्मक सत्तायें (4) अनुभय सत्तायें

96. *Discourse on Method* was written by

(1) Hegel (2) Hume (3) Spinoza (4) Descartes

*Discourse on Method* लिखी गयी थी

(1) हीगेल द्वारा (2) ह्यूम द्वारा (3) स्पिनोजा द्वारा (4) देकार्त द्वारा

97. Who admits that God is unmoved mover?

(1) Descartes (2) Flint (3) Spinoza (4) Aristotle

कौन मानता है कि ईश्वर अप्रवर्तित प्रवर्तक है?

(1) देकार्त (2) फ्लिन्ट (3) स्पिनोजा (4) अरस्तू

98. Who says, "Every determination is a negation"?

(1) Descartes (2) Spinoza (3) Leibnitz (4) Hegel

कौन कहता है, "प्रत्येक निर्धारण निषेधात्मक है"?

(1) देकार्त (2) स्पिनोजा (3) लाइबनित्ज (4) हीगेल

**99.** 'God as a first efficient cause' is admitted by

(1) St. Augustine (2) St. Thomas Aquinas

(3) Spinoza (4) Berkeley

'प्रथम निमित्तकारण के रूप में ईश्वर' को स्वीकार किया है

(1) संत आगस्टाइन ने (2) संत थॉमस एक्विनास ने

(3) स्पिनोजा ने (4) बर्कले ने

**100.** *Summa Theologica* was written by

(1) St. Augustine (2) St. Thomas Aquinas

(3) St. Anselms (4) St. Francis

*Summa Theologica* के लेखक थे

(1) संत आगस्टाइन (2) संत थॉमस एक्विनास

(3) संत एन्सेल्स (4) संत फ्रांसिस

**101.** 'Cogito Ergo Sum' is related to

(1) Leibnitz (2) Spinoza (3) Descartes (4) Berkeley

'मैं सोचता हूँ अतः मैं हूँ' सम्बन्धित है

(1) लाइबनित्स से (2) स्पिनोजा से (3) देकार्त से (4) बर्कले से

**102.** Which one of the following books is written by Spinoza?

(1) *Meditations* (2) *Le Monade* (3) *Ethics* (4) *Republic*

निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक स्पिनोजा द्वारा लिखी गयी है?

(1) मेडीटेशन्स (2) ले मोनेड (3) एथिक्स (4) रिपब्लिक

**103.** Who is called 'God intoxicated'?

(1) Berkeley (2) Descartes (3) Locke (4) Spinoza

किसे 'ईश्वरप्रेमोन्मत्त' कहा जाता है?

(1) बर्कले (2) देकार्त (3) लॉक (4) स्पिनोजा

**104.** Hegel says that ——— God is like lion's den.

(1) Kant's (2) Augustine's (3) Anselm's (4) Spinoza's

हीगेल कहता है कि ——— ईश्वर शेर की मांद की तरह है।

(1) काण्ट का (2) आगस्टाइन का (3) एन्सेल्म का (4) स्पिनोजा का

**105.** Pre-established harmony is related to

(1) matter and mind
(2) monads
(3) matter and form
(4) noumenon and phenomenon

पूर्व-स्थापित सामंजस्य सम्बन्धित है

(1) जड़ और चेतन से
(2) चिदणुओं से
(3) द्रव्य और आकार से
(4) वस्तु स्वयं में व प्रपंच

**106.** Which one of the following is not true about Spinoza's Philosophy?

(1) Parallelism (2) Monism (3) Pantheism (4) Interactionism

निम्नलिखित में स्पिनोजा दर्शन के विषय में क्या सत्य नहीं है?

(1) समानान्तरवाद (2) एकतत्ववाद (3) सर्वेश्वरवाद (4) अन्तर्क्रियावाद

**107.** 'Natura Naturata' is related to

(1) Locke (2) Hobbes (3) Spinoza (4) Hegel

'नेचुरा नेचुराता' का सम्बन्ध है

(1) लॉक से (2) हॉब्स से (3) स्पिनोजा से (4) हीगेल से

**108.** 'Law of continuity' belongs to

(1) monads (2) atoms (3) souls (4) ideas

'अविच्छिन्नता का नियम' सम्बन्धित है

(1) चिदणुओं से (2) परमाणुओं से (3) आत्माओं से (4) प्रत्ययों से

**109.** Which one of the following is not true about monads?

(1) Windowless
(2) Miniature of the world
(3) Self-sufficient
(4) Interconnected with each other

निम्नलिखित में चिदणुओं के बारे में क्या सत्य नहीं है?

(1) गवाक्षहीन
(2) जगत् का लघुचित्र
(3) स्वनिर्भर
(4) परस्पर अन्तःसम्बद्ध

**110.** Who refutes innate ideas?

(1) Plato (2) Aristotle (3) Spinoza (4) Locke

सहज प्रत्ययों का खण्डन कौन करता है?

(1) प्लेटो (2) अरस्तू (3) स्पिनोजा (4) लॉक

111. Who considers mind as 'Tabula Rasa'?

(1) Locke (2) Descartes (3) Kant (4) Spinoza

कौन मन को 'रिक्त पट्टिका के समान' स्वीकार करता है?

(1) लॉक (2) देकार्त (3) काण्ट (4) स्पिनोजा

112. Locke's statement "Something I know not what" is related to

(1) primary qualities (2) secondary qualities

(3) substance (4) simple ideas

लॉक का प्रसिद्ध कथन "कुछ किन्तु क्या, यह नहीं कह सकते" सम्बन्धित है

(1) प्राथमिक गुणों से (2) द्वितीयक गुणों से (3) द्रव्य से (4) सरल प्रत्ययों से

113. Which one of the following cannot be considered as innate idea?

(1) Axioms of Geometry (2) Law of identity

(3) Law of contradiction (4) Knowledge of a flower

निम्नलिखित में किस एक को सहज प्रत्यय के रूप में नहीं स्वीकार किया जा सकता?

(1) ज्यामिति की स्वयंसिद्धियाँ (2) तादात्म्य का नियम

(3) व्याघात का नियम (4) पुष्प का ज्ञान

114. Who refutes the existence of abstract idea?

(1) Locke (2) Plato (3) Spinoza (4) Berkeley

अमूर्त प्रत्ययों का खण्डन कौन करता है?

(1) लॉक (2) प्लेटो (3) स्पिनोजा (4) बर्कले

115. Which one of the following books was written by David Hume?

(1) *Essays on Human Understanding*

(2) *Principles of Human Knowledge*

(3) *Philosophy of Vision*

(4) *Enquiry Concerning Human Understanding*

निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक डेविड ह्यूम द्वारा लिखी गयी थी?

(1) *एस्सेज ऑन ह्यूमन अण्डरस्टेण्डिंग* (2) *प्रिन्सिपल्स ऑफ ह्यूमन नॉलेज*

(3) *फिलासफी ऑफ विजन* (4) *इन्क्वायरी कन्सर्निंग ह्यूमन अण्डरस्टेण्डिंग*

116. 'Law of causation' is refuted by

(1) Locke (2) Berkeley (3) Hume (4) Kant

'कारणता के नियम' का खण्डन किया है

(1) लॉक ने (2) बर्कले ने (3) ह्यूम ने (4) काण्ट ने

117. Which one of the following books was not written by Kant?

(1) *Critique of Pure Reason* (2) *Critique of Judgement*

(3) *Critique of Practical Reason* (4) *A Treatise on Civil Government*

निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक काण्ट द्वारा नहीं लिखी गयी थी?

(1) *क्रिटिक ऑफ प्योर रीजन* (2) क्रिटिक ऑफ जजमेण्ट

(3) क्रिटिक ऑफ प्रैक्टिकल रीजन (4) ए ट्रीटाइज ऑन सिविल गवर्नमेण्ट

118. Who awoke Kant from dogmatic slumber?

(1) Hume (2) Berkeley (3) Locke (4) Spinoza

काण्ट को मोहनिद्रा से किसने जगाया?

(1) ह्यूम ने (2) बर्कले ने (3) लॉक ने (4) स्पिनोजा ने

119. Who says, "Duty for duty's sake"?

(1) Mill (2) Green (3) Kant (4) Hegel

कौन कहता है, "कर्तव्य कर्तव्य के लिए"?

(1) मिल (2) ग्रीन (3) काण्ट (4) हीगेल

120. 'Utilitarianism' is related to

(1) J. S. Mill (2) T. H. Green (3) Hegel (4) Kant

'उपयोगितावाद' सम्बन्धित है

(1) जे० एस० मिल से (2) टी० एच० ग्रीन से (3) हीगेल से (4) काण्ट से

121. Which postulate of morality is not given by Kant?

(1) Freedom of Will (2) Immortality of Soul

(3) Existence of God (4) Rebirth

निम्नलिखित में नैतिकता विषयक कौन-सी पूर्वमान्यता काण्ट द्वारा प्रस्तुत नहीं की गयी है?

(1) संकल्प स्वातंत्र्य (2) आत्मा की अमरता (3) ईश्वर का अस्तित्व (4) पुनर्जन्म

122. The statement "Man is the measure of all things" belongs to

(1) Protagoras (2) Socrates (3) Zeno (4) Thales

कथन "मनुष्य सभी वस्तुओं का मापदण्ड है" सम्बन्धित है

(1) प्रोटागोरस से (2) सुकरात से (3) ज़ीनो से (4) थेलीज़ से

**123.** 'Route of Golden mean' belongs to

(1) Hegel (2) Aristotle (3) Anaximander (4) Anaxagoras

'स्वर्णिम मध्यम मार्ग का सिद्धान्त' सम्बन्धित है

(1) हीगेल से (2) अरस्तू से (3) एनैक्सीमेन्डर से (4) एनैक्सागोरस से

**124.** As per Plato, which one of the following virtues is more significant?

(1) Courage (2) Temperance (3) Justice (4) Wisdom

प्लेटो के अनुसार, निम्नलिखित में कौन-सा सद्गुण अधिक महत्त्वपूर्ण है?

(1) साहस (2) संयम (3) न्याय (4) विवेक

**125.** Which one of the following philosophers admits qualitative difference in pleasure?

(1) Stoic (2) Bentham (3) Mill (4) Kant

निम्नलिखित में से कौन-सा दार्शनिक सुखों में गुणात्मक भेद स्वीकार करता है?

(1) स्टोइक (2) बेन्थम (3) मिल (4) काण्ट

**126.** 'Highest good of highest numbers' is related to

(1) perfectionism (2) hedonism (3) egoism (4) utilitarianism

'अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम शुभ' सम्बन्धित है

(1) पूर्णतावाद से (2) सुखवाद से (3) स्वार्थवाद से (4) उपयोगितावाद से

**127.** *Principia Ethica* was written by

(1) J. E. Moore (2) Bertrand Russell

(3) F. H. Bradley (4) Plato

*Principia Ethica* लिखी गयी थी

(1) जे० ई० मूर द्वारा (2) बर्ट्रेन्ड रसेल द्वारा

(3) एफ० एच० ब्रैडले द्वारा (4) प्लेटो द्वारा

**128.** 'Categorical imperative' belongs to

(1) Bentham (2) Mill (3) Moore (4) Kant

'निरपेक्ष आदेश' सम्बन्धित है

(1) बेन्थम से (2) मिल से (3) मूर से (4) काण्ट से

**129.** Which one of the following statements is related to Bradley?

(1) Duty for duty's sake (2) Be a person

(3) Die to live (4) My station and its duties

अधोलिखित में से कौन-सा कथन ब्रैडले से सम्बन्धित है?

(1) कर्तव्य के लिए कर्तव्य (2) मनुष्य बनो

(3) जीने के लिए मरो (4) मेरी प्रस्थिति और उसके कर्तव्य

**130.** 'Du kannst, denn du sollst' is related to

(1) Ayer (2) Hare (3) Bradley (4) Kant

'तुम कर सकते हो अतः तुम्हें करना चाहिए' का सम्बन्ध है

(1) एयर से (2) हेयर से (3) ब्रैडले से (4) काण्ट से

**131.** A. J. Ayer advocates

(1) emotivism (2) perfectionism (3) determinism (4) prescriptivism

ए० जे० एयर किसका समर्थन करते हैं?

(1) संवेगवाद (2) पूर्णतावाद (3) नियतिवाद (4) परामर्शवाद

**132.** Who gives emphasis on 'Good Will'?

(1) Kant (2) Hegel (3) Green (4) Bradley

'शुभ संकल्प' पर कौन जोर देता है?

(1) काण्ट (2) हीगेल (3) ग्रीन (4) ब्रैडले

**133.** Which one of the following is not a Purushartha?

(1) Dharma (2) Artha (3) Bhakti (4) Moksha

निम्नलिखित में से किसे पुरुषार्थ में परिगणित नहीं किया गया है?

(1) धर्म (2) अर्थ (3) भक्ति (4) मोक्ष

**134.** Which one of the following is not included into Trivarga?

(1) Dharma (2) Artha (3) Karma (4) Moksha

निम्नलिखित में से कौन त्रिवर्ग में परिगणित नहीं है?

(1) धर्म (2) अर्थ (3) कर्म (4) मोक्ष

135. 'Sthitapragya' is a person who

(1) performs ritualistic acts
(2) does not touch the fire
(3) eradicates all desires
(4) None of these

'स्थितप्रज्ञ' पुरुष वह है जो

(1) शास्त्रीय कर्मों का अनुष्ठान करता है
(2) अग्नि का स्पर्श नहीं करता
(3) सम्पूर्ण कामनाओं का त्याग कर देता है
(4) इनमें से कोई नहीं

136. Which one of the following is not a kind of Hetu accroding to Buddhist Logicians?

(1) Svabhava Hetu
(2) Karya Hetu
(3) Upalabdhi Hetu
(4) Anuplabdhi Hetu

बौद्ध तार्किकों के अनुसार, निम्नलिखित में कौन-सा एक हेतु का प्रकार नहीं है?

(1) स्वभाव हेतु
(2) कार्य हेतु
(3) उपलब्धि हेतु
(4) अनुपलब्धि हेतु

137. Which one of the following does not accept verbal testimony as a valid means of knowledge?

(1) Nyaya
(2) Vaisheasika
(3) Sankhya
(4) Mimamsa

अधोलिखित में से कौन शब्द प्रमाण को वैध ज्ञान का स्रोत स्वीकार नहीं करता है?

(1) न्याय
(2) वैशेषिक
(3) सांख्य
(4) मीमांसा

138. Which one of the following is correct for the 'Good Will' of Kant?

(1) Psychological Will
(2) Divine Will
(3) Rational Will
(4) Spiritual Will

निम्नलिखित में से कौन-सा काण्ट की 'शुभेक्षा' के लिए सही है?

(1) मनोवैज्ञानिक इच्छा (2) दैवीय इच्छा (3) बौद्धिक इच्छा (4) आध्यात्मिक इच्छा

**139.** "If you run after pleasure, you fail to get it." The above mentioned paradox is known as

(1) logical paradox
(2) rational paradox
(3) paradox of Hedonism
(4) spiritual paradox

"यदि आप सुख के पीछे भागते हैं, तो आप उसे प्राप्त करने में असफल ही होते हैं।" उपरोक्त विरोधाभास कहलाता है

(1) तार्किक विरोधाभास
(2) बौद्धिक विरोधाभास
(3) सुखवाद का विरोधाभास
(4) आध्यात्मिक विरोधाभास

**140.** Pratitya Samutpada is a theory of

(1) only past
(2) only future
(3) only present
(4) past, present and future

प्रतीत्य समुत्पाद सिद्धान्त है

(1) केवल अतीत का
(2) केवल भविष्य का
(3) केवल वर्तमान का
(4) अतीत, वर्तमान और भविष्य का

**141.** Buddha performs 'Mahakaruna' by which one of the following body?

(1) Dharmakaya
(2) Nirmanakaya
(3) Sva Sambhogakaya
(4) Para Sambhogakaya

अधोलिखित में से किस एक काय के द्वारा बुद्ध 'महाकरुणा' का सम्पादन करते हैं?

(1) धर्मकाय (2) निर्माणकाय (3) स्व सम्भोगकाय (4) पर सम्भोगकाय

142. Which one of the following schools of Buddhism is the representative of critical realism?

(1) Vaibhasika (2) Sautrantika (3) Svatantrika (4) Vatsiputriya

अधोलिखित में से कौन-सा एक बौद्ध दार्शनिक सम्प्रदाय समीक्षात्मक वस्तुवाद का प्रतिनिधित्व करता है?

(1) वैभाषिक (2) सौत्रान्तिक (3) स्वातंत्रिक (4) वात्सीपुत्रीय

143. The fallacy of infinite regress is applicable to which of the following?

(1) Parataha Pramanya (2) Anuvyavasaya

(3) Parataha Prakasha (4) All the three

अधोलिखित में से अनवस्था दोष किस पर प्रयुक्त किया जा सकता है?

(1) परतः प्रामाण्य (2) अनुव्यवसाय (3) परतः प्रकाश (4) उपरोक्त सभी तीनों

144. 'Apprehension of unapprehended' has not been included in the definition of Prama by which of the following?

(1) Bauddha (2) Mimamsa

(3) Advaita Vedanta (4) Nyaya

अधोलिखित में से किसके द्वारा 'अनधिगतार्थविषयत्वम्' को प्रमा की परिभाषा में सम्मिलित नहीं किया गया है?

(1) बौद्ध (2) मीमांसा (3) अद्वैत वेदान्त (4) न्याय

145. The difference between creator God and created World is not applicable to which of the following?

(1) Descartes (2) Spinoza (3) Leibnitz (4) Berkeley

अधोलिखित में से किस पर स्रष्टा ईश्वर और सृष्ट जगत् का भेद लागू नहीं होता है?

(1) देकार्त (2) स्पिनोजा (3) लाइबनित्ज (4) बर्कले

**146.** Who maintains non-difference between knowledge and resultant knowledge?

(1) Nyaya (2) Sankhya (3) Mimamsa (4) Bauddha

प्रमाण और प्रमाणफल के बीच अभेद को कौन स्वीकार करता है?

(1) न्याय (2) सांख्य (3) मीमांसा (4) बौद्ध

**147.** In the Nacre-Silver example of illusion, silver is cognised by which of the following as per Anyatha Khyati?

(1) Normal perception
(2) Jnanalaksana perception
(3) Samanyalaksana perception
(4) All the three

सीपी-चाँदी के भ्रम के उदाहरण में अन्यथा ख्याति के अनुसार चाँदी का ज्ञान अधोलिखित में से किसके द्वारा होता है?

(1) साधारण प्रत्यक्ष से
(2) ज्ञानलक्षण प्रत्यक्ष से
(3) सामान्यलक्षण प्रत्यक्ष से
(4) उपरोक्त सभी तीनों से

**148.** Which one of the following is not correct according to Nyaya Philosophy?

(1) Pramana Samplavavada
(2) Indriya Aprapyakaritvavada
(3) Partaha Pramanyavada
(4) Visayatavada

अधोलिखित में से कौन-सा एक न्याय दर्शन के अनुसार सही नहीं है?

(1) प्रमाण सम्प्लववाद
(2) इन्द्रिय अप्राप्यकारित्ववाद
(3) परतः प्रामाण्यवाद
(4) विषयतावाद

**149.** Symbol '∀' stands for

(1) all (2) at least one (3) Both (4) Nome of these

प्रतीक '∀' का अर्थ है

(1) प्रत्येक के लिए

(2) कम-से-कम एक के लिए

(3) दोनों के लिए

(4) इनमें से कोई नहीं

**150.** 'If there is Sun' is represented by $p$ and 'there is Light' is represented by $q$, then 'If there is Sun there is Light' can be represented as

(1) $(p \cdot q)$ (2) $(p \vee q)$ (3) $(p \supset q)$ (4) $(q \supset p)$

'यदि सूर्य है' को $p$ से प्रदर्शित किया जाए तथा 'प्रकाश है' को $q$ से प्रदर्शित किया जाए, तो 'यदि सूर्य है तो प्रकाश है' को प्रदर्शित किया जायेगा

(1) $(p \cdot q)$ द्वारा (2) $(p \vee q)$ द्वारा (3) $(p \supset q)$ द्वारा (4) $(q \supset p)$ द्वारा

***

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण-पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली या काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,* लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। *इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा, केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।*
4. अपना *अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन* से निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. **उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।**
6. ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक सं० और ओ० एम० आर० पत्र सं० की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।
7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।
8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। *प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।*
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का *उत्तर नहीं देना चाहते हैं,* तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।
11. रफ़ कार्य के लिये प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अन्दर वाले पृष्ठ तथा अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त केवल *ओ०एम०आर० उत्तर-पत्र* परीक्षा भवन में जमा कर दें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।